निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– ८-४१० /बा0वि0प0/पो0 एवं स्वा0/2022–23. दिनांक : 19 अक्टूबर, 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी।
उत्तर प्रदेश।

विषय– आधार सत्यापित वास्तविक लाभार्थियों की सूचना प्रेषण के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक निदेशालय पत्र संख्या सी–511 दिनांक– 16.08.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा पोषण ट्रैकर में पंजीकृत समस्त श्रेणी के लाभार्थियों का आधार फीडिंग कराने के साथ ही जिन लाभार्थियों के आधार नहीं बने हैं, उनका आधार बनवाते हुये पोषण ट्रैकर में 31.08.2022 तक अंकित कराने हेतु निर्देश निर्गत किये गये थे। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 19 जुलाई, 2022 द्वारा निर्देशित किया गया है कि डब्ल्यू.बी. एन.पी. योजना के अन्तर्गत पोषण ट्रैकर पर उपलब्ध आधार सत्यापित लाभार्थियों हेतु ही खाद्यान्न व बजट अवमुक्त किया जायेगा।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 के तृतीय त्रैमास (माह–अक्टूबर नवम्बर व दिसम्बर 2022) के लिये आंगनबाड़ी केन्द्र के समस्त श्रेणी के लाभार्थियों हेतु अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति निर्देश निर्गत किया जाना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि विशेष प्राथमिकता के आधार पर पोषण ट्रैकर पर आंगनबाड़ी केन्द्रवार आधार सत्यापित वास्तविक लाभार्थियों की श्रेणीवार संख्या एक्सल शीट पर तैयार कर निदेशालय की ईमेल आईडी–snpsupplyup4@gmail.com पर दिनांक–23.10.2022 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त पोषण ट्रैकर पर आधार सत्यापित वास्तविक लाभार्थियों की श्रेणीवार संख्या का प्रमाण पत्र भी प्रेषित करें। उक्त कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, कृपया सूचना नियत तिथि तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें, यदि नियत तिथि के उपरान्त सूचना प्रेषित की जाती है तो उसका संज्ञान नहीं लिया जायेगा।

(गौरव शुक्ला)
उपनिदेशक।

पृष्ठांकन संख्या– /तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1– सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, शासन।
2– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
3– समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

(गौरव शुक्ला)
उपनिदेशक।